वार्तालाप नंबर–531, खोजापाली (उड़ीसा) वार्तालाप, ता– 10.3.08,
Disc.CD-531, dated10.3.08 at Khojapali (Orissa)

जिज्ञासु – मेरे को कुछ पता नहीं, मैं उड़ीसी हूँ। मेरे अन्तर की बात आप जान लो।
बाबा – अगर बाबा सबके अन्तर की बात जान लेवें, 500–700 करोड़ मनुष्य हैं दुनियाँ में और सबके अंतर की बात जान लेवें, तो बाबा को साकार में आने की दरकार है? फिर बातचीत करने की दरकार है? फिर तो ऊपर बैठ–बैठे ही सब कुछ जान लेवें। जान के क्या करेंगे? एक–एक के दिल को जानने से तो कुछ नहीं होगा। पुरुषार्थ करेंगे तो प्राप्ति होगी। बाप पुरुषार्थ का रास्ता बताते हैं।
Student: I don't know anything; I belong to Orissa. Read whatever is in my mind.
Baba: If Baba reads everybody's mind; there are 500-700 crore human beings in the world and if he reads everybody's mind, is there a need for Baba to come in a corporeal form? Then is there a need to talk? Then He would know everything while sitting above (i.e. in the soul world). What would He do by knowing? Nothing will happen by reading everybody's mind. One can achieve attainments by making efforts. The Father shows the path to make efforts.

समय – 01.25
जिज्ञासु – जो सूक्ष्म शरीर होते हैं, उसमें ज्यादा पावर आती है। वो पावर ...
बाबा – स्थूल शरीर के मुकाबले सूक्ष्म शरीर में पावर ज्यादा होती है।
जिज्ञासु – वो पावर कहाँ से आती है?
Time: 01.25
Student: Those who have a subtle body have more power. That power...
Baba: When compared to the physical body, the subtle body has more power.
Student: Where does that power come from?

बाबा – एक सूक्ष्म होता है एटम, जिससे एटम बम बनता है। एटम बहुत सूक्ष्म होता है। तो ज्यादा ताकतवर हो जाता है। जो जितना स्थूल बुद्धि होगा वो ज्यादा पावरफुल होगा या सूक्ष्म बुद्धि होगा (वो) ज्यादा पावरफुल होगा? एक सूक्ष्म बुद्धि होती है और एक स्थूल बुद्धि होती है। तो मोटी बुद्धि अच्छी या महीन बुद्धि अच्छी? कहते हैं महीन बुद्धि अच्छी। क्यों? क्योंकि जो महीन चीज़ होती है, वो ज्यादा गहराई में जा सकती है। जितना मोटा होगा उतना कम अक्ल माना जाता है। ऐसे ही एटम की गति है। एटम जितना सूक्ष्म होता है, ज्यादा पावरफुल हो जाता है।
Baba: One is a subtle atom, through which atom bombs are made. Atom is very subtle. So, they have more power. Will the one, who has more gross-intellect (dull headed) be more powerful or will the one who has a subtle intellect be more powerful? One is a subtle intellect and one is a gross (dull) intellect. So, is a dull intellect (*moti buddhi*) better or is a sharp intellect (*maheen buddhi*) better? It is said that a sharp intellect is better. Why? It is because a minute thing can go more deeply. The fatter someone is, the lesser the intellectual level he is considered to have. Similar is the dynamics of the atom. The subtler an atom is, the more powerful it becomes.

ऐसे ही मनुष्य आत्माएँ जब स्थूल शरीर में बंधी हुई हैं, तो उनमें कम ताकत होती है और स्थूल शरीर के बंधन से आत्मा छूट जाती है, सूक्ष्म शरीर धारण करती है तो ज्यादा पावरफुल हो जाती है। जहाँ चाहे वहाँ घूम सकती है। जहाँ चाहे एक सेकेण्ड में आना–जाना कर सकती है क्योंकि स्थूल का बंधन नहीं रह गया। आत्मिक स्टेज बढ़ती है सूक्ष्मता की ओर जाने से, लेकिन सूक्ष्म शरीर भी सम्पन्न नहीं है। सूक्ष्म शरीर से भी

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

ज्यादा अति सूक्ष्म है कारण शरीर, जिसे बिन्दु आत्मा कहते हैं। सूक्ष्म शरीर के बंधंन से भी परे बन जाती है और जो आत्मा बनना सीख जाता है, वो कोई में भी प्रवेश करके उसकी बुद्धि को घुमा करके फिर वापस अपने शरीर में प्रवेश कर सकता है। वो ज्यादा पावरफुल हो गया।

Similarly, when human souls are bound in the physical body, they have lesser power and when the soul becomes free from the bondage of the physical body, when it assumes a subtle body, it becomes more powerful. It can move wherever it wants. It can come and go wherever it wants in a second because there is no bondage of the physical (body). By moving towards subtlity (*sookshmataa*) the soul conscious stage increases, but the subtle body is also not perfect. The causal body, which is called a point-like soul, is subtler than the subtle body. It becomes free from the bondage of even the subtle body and the one who learns to become a soul can enter into anyone, mould his intellect and return to his own body. That one is more powerful.

समय – 04.08
जिज्ञासु – बाबा, शिव के साथ राम को क्यों जोड़ दिया?
बाबा – शिव के साथ राम को नहीं जोड़ा गया। शिव के साथ शंकर को जोड़ा जाता है। शिव–शंकर भोलेनाथ। ऐसे नहीं कहा जाता "शिव–राम भोलेनाथ"। शिव–शंकर को इसलिए जोड़ा गया कि शंकर में शिव आ करके मुकर्रर रूप से प्रवेश करते हैं। वो शंकर ही देवताओं में महादेव गाया जाता है। देवताओं में, देव आत्माओं में बड़े ते बड़ा देवता बनने का पुरुषार्थ करने वाला शंकर कहा जाता है और शंकर कोई एक आत्मा का नाम नहीं है। शंकर का अर्थ ही है मिक्स। ऐसा मिक्सचरिटी का साकार पार्ट, जो साकार होते हुए भी निराकारी स्टेज का भी पार्ट बजाता है, साकार होते हुए भी आकारी मनन–चिंतन–मंथन की स्टेज का भी पार्ट बजाता है और साकारी पार्ट भी बजाता है।

Time: 04.08
Student: Baba, why has the name of Ram been suffixed to Shiv?
Baba: The name of Ram has not been suffixed to Shiv. The name of Shankar is suffixed to Shiv. Shiv-Shankar Bholeynath. It is not said – 'Shiv-Ram Bholeynath'. Shiv and Shankar have been clubbed because Shiv comes in Shankar and enters in a permanent form. It is Shankar who is praised as the greatest deity (*mahadev*) among the deities. Shankar is said to be the one who makes effort to become the highest among all the deities, all the deity souls. And Shankar is not the name of just one soul. Shankar itself means 'mix'. It is a corporeal part of mixturity, in which he plays the part of incorporeal stage in spite of being corporeal, plays a part of the stage of subtle thinking and churning as well as the corporeal part.

एक ही शरीर में तीन तरह की आत्माएँ कार्य करती हैं। एक निराकार शिव, दूसरा आकारी ब्रह्मा (दादा लेखराज) की सोल और तीसरा वो साकार मनुष्य तन जिस तन में षिव को प्रवेश करके नर से नारायण बनाना होता है। इसलिए शिव–शंकर का गायन है, मिला करके एक करने का। शिव–राम का गायन नहीं है, शिव–कृष्ण का गायन नहीं है, शिव–ब्रह्मा का गायन नहीं है, शिव–विष्णु का गायन नहीं है, शिव–जगदम्बा का गायन नहीं है, शिव–लक्ष्मी का गायन नहीं है। शिव के साथ और कोई भी 33 करोड़ देवताओं में से कोई का भी नाम शिव के साथ नहीं जोड़ा जाता क्योंकि एक ही पार्टधारी है जिसमें शिव मुकर्रर रूप से प्रवेश करता है और वो शंकर फिर बैल पर सवार दिखाया जाता है। बैल जानवरियत की निशानी है। मनुष्य मनन–चिंतन–मंथन करने वाले की निशानी है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

Three kinds of souls play a part through the same body. One is the incorporeal Shiv, the second is the soul of subtle Brahma (Dada Lekhraj) and the third is that corporeal human body in which Shiv has to enter and transform (him) from a man to Narayan. That is why there is the praise of Shiva and Shankar being combined into one. 'Shiv-Ram' is not famous, 'Shiv-Krishna' is not famous, 'Shiv-Brahma' is not famous, 'Shiv-Vishnu' is not famous, 'Shiv-Jagdamba' is not famous, and 'Shiv-Lakshmi' is not famous. The name of none of the 33 crore deities is suffixed to Shiv because there is only one actor, in whom Shiv enters in an appointed form and that Shankar is shown to ride on a bull. Bull is an indication of animal's instinct (*jaanvariyat*). Human being is an indication of the one, who thinks and churns.

जो मनन–चिंतन–मंथन कर सकता है, सोच–विचार कर सकता है, उसी को मनुष्य कहा जाता है। भगवान आ करके जानवरों को सुधारेगा, जानवरों को पढ़ाएगा या मनुष्यों को पढ़ाएगा? मनुष्यों को ही आकर पढ़ाता है। मनुष्य ही सुधर सकते हैं। मनुष्य ही मनन–चिंतन–मंथन कर सकते हैं, पश्चाताप कर सकते हैं। गधे को दस डंडे मार दो, वो पश्चाताप नहीं करता है। मनुष्य पश्चाताप करता है। इसलिए मननात मनुष्य कहा जाता है। इसलिए बोला कि मैं मनुष्य तन में आता हूँ। जानवर में नहीं आता हूँ। आता हूँ का मतलब प्रत्यक्ष होना। भगवान बाप आते हैं, मनुष्य तन में प्रत्यक्ष होते हैं। ब्रह्मा के तन को मनुष्य तन कहें? शिव के मंदिर में जो बैल निशानी दिखाई गई है वो किसकी यादगार है? ब्रह्मा के तन में प्रवेश तो किया लेकिन संसार में प्रत्यक्ष नहीं हुआ कि भगवान बाप आया। तो जब तक प्रत्यक्ष नहीं हुआ तो सारा संसार गॉड फादर नहीं मान सकता। जब सारा संसार उसे गॉड फादर माने, जो इब्राहीम, बुद्ध, क्राइस्ट, गुरु नानक आदि की आत्माएँ इस संसार में अपना पार्ट बजा रही हैं, वो भी उसको अपना बाप मानें; तब कहेंगे गॉड फादर इस संसार में आया।

Only the one who can think and churn, who can reflect upon a thought is called a human being (*manushya*). Will God come and reform animals, teach animals or will He teach the human beings? He comes and teaches only the human beings. Only the human beings can reform. Only the human beings can think and churn and repent. You may beat a donkey with a stick ten times, but it does not repent. A human being repents. That is why the one who thinks through the mind (*mananaat*) is called a human being (*manushya*). That is why it was said that I come in a human body. I do not come in an animal. 'I come' means 'to be revealed'. When God Father comes He is revealed through a human body. Should Brahma's body be called a human body (*manushya tan*)? Whose memorial is the symbol of bull that has been shown in the temple of Shiv? He did enter in the body of Brahma but he was not revealed in the world (so that everyone could say that) 'God has come'. So, until He is revealed, the entire world cannot accept Him as God the Father. When the entire world accepts him as God the Father; when the souls of Abraham, Buddha, Christ, Guru Nanak, etc. who are playing their parts in this world, accept Him as their father, then it will be said that the God the Father has come in this world.

और गॉड फादर को तो सारी दुनियाँ मानती है। सब याद करते हैं। ज़रूर गॉड फादर से प्रैक्टीकल में कोई प्राप्ति हुई है; परंतु वो मनुष्य तन में आ करके प्रत्यक्ष होता है। ब्रह्मा के तन में आया; परंतु भक्तिमार्ग में गायन बैल के रूप में चलता है। क्यों? क्योंकि ब्रह्मा के तन में आने के बावजूद भी ब्रह्मा के मुख से जो वाणी निकली उस वाणी के गुह्यार्थ को न ब्रह्मा ने समझा और न ब्राह्मणों ने समझा। ब्रह्मा के मुकाबले तो मम्मा ज्यादा मनन–चिंतन–मंथन करती थी। एक–एक प्वाइन्ट की गहराई में, कितने विस्तार में जाती थी। तो ब्रह्मा का तन तो सिर्फ वाणी चलाने के निमित्त बना। उसे कहेंगे सुनना और सुनाना। मनन–चिंतन–मंथन नहीं हुआ। मनन–चिंतन–मंथन न होने के कारण ये क्लीयर

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

किया गया मुरली में कि अभी गीता ज्ञान अमृत नहीं कहेंगे। अमृत मंथन करने से निकलता है।

And the entire world believes God the Father. Everyone remembers (Him). Definitely they have achieved something from God the Father in practical, but He is revealed by coming in a human body. He came in the body of Brahma, but in the path of worship there is glory in the form of a bull. Why? It is because in spite of coming in the body of Brahma, whatever versions emerged from the mouth of Brahma was neither understood by Brahma nor did the Brahmins understand it. When compared to Brahma, Mamma used to think and churn more. She used to go into the depth and expanse of each point. So, the body of Brahma became instrumental only for narration of the versions. That will be called listening and narrating. It was not thinking and churning. Because there was no thinking and churning it was clarified in the Murlis (narrated through Brahma) that it will not be called the nectar of knowledge of the Gita now (i.e. before 1969). Nectar emerges through churning.

जैसे दूध को जब तक बिलोया न जाए, दही को जब तक मथा न जाए, तब तक मक्खन नहीं निकलता, सार नहीं निकलता, ऐसे ही ज्ञान सागर बाप की वाणी का जब तक मंथन न किया जाए, तब तक ज्ञानामृत तैयार नहीं हो सकता। इसलिए ब्रह्मा के मुख से जो भी वाणी निकली उसको ज्ञानामृत नहीं कहेंगे। गीता ज्ञानामृत तब कहा जाता है, जब ज्ञान सागर बाप उस वाणी के एक–एक हिज्जे को विस्तार में करके समझाता है, टीचर बन करके आता है , बाप के रूप में बच्चों को सुख और शान्ति का अखन्ड वर्सा देकर जाता है।

For example until milk is churned, until curd is churned, the cream does not emerge, the essence does not emerge; similarly, until the versions of the ocean of knowledge Father are churned, the nectar of knowledge cannot be prepared. That is why whatever versions emerged from the mouth of Brahma will not be called the nectar of knowledge. It is called the nectar of knowledge of the Gita only when the ocean of knowledge, i.e. the Father explains every word of those versions in detail, when He comes in the form of a teacher, when He gives the indestructible inheritance of happiness and peace to the children in the form of a Father and departs.

समय – 12.31
जिज्ञासु – बाबा, शिवलिंग को क्यों नीचे रखे हैं?
बाबा – नीचे रखा! नीचे क्यों रखा? और पहाड़ों पे ऊँचाई पर मन्दिर बनाते हैं। नीचे थोड़े ही रखते हैं।
जिज्ञासु – मन्दिर में तो शंकर की मूर्ति ऊपर थी और शिव का लिंग नीचे।
दूसरा जिज्ञासु – गड्ढे में रखते हैं – ये बात कर रहे हैं।

Time: 12.31
Student: Baba, why is Shivling placed below?
Baba: Is it placed below? Why is it placed below? And temples are built at a height, on the mountains. Is it placed below?
Student: In the temple the idol of Shankar was above and Shiv's *ling* was placed below.
Second student: He is telling that it is placed in a pit.

बाबा – अच्छा! स्त्री की योनि को गड्ढा कहा जाता है। अर्थात् शिव का सिर्फ लिंग ही पूजा जाता है और देवताओं की दूसरी–दूसरी कर्मेन्द्रियाँ भी पूजी जाती हैं। देवताओं के नेत्रों को कहते हैं – कमल नेत्र, मुख को कहते हैं – मुख कमल, हाथों को कहते हैं – हस्त कमल, पाँव को कहते हैं – कमल पाद, कमल से उपमा देते हैं । लेकिन भगवान

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

शिव का सिर्फ लिंग ही दिखाया जाता है क्योंकि जो भी विकार हैं और विकारों को भोगने वाली जो भी इन्द्रियाँ हैं, उन विकारों में सबसे पावरफुल विकार कौन–सा है? काम विकार। और काम विकार से कनेक्टेड जो इन्द्रिय है, वो भी बहुत मुश्किल से जीती जाने योग्य है और उसको जीतने का काम इस संसार में सबसे पहले शंकर ने किया। इसलिए शंकर को अमोघवीर्य कहा जाता है। लेकिन जंगल में जा करके नहीं जीता। घर–गृहस्थ में रह करके जीता है। इसलिए बोला कि तुम सब पार्वतियाँ हो और शिव–शंकर भोलेनाथ एक ही है।

Baba: OK! The female organ of generation (*yoni*) is called a pit. It means that only the *ling* of Shiv is worshipped and other bodily organs of the other deities are also worshipped. The eyes of the deities are called – lotus-like eyes; their face is called lotus-like face; their hands are called – lotus-like hands; their legs are called – lotus-like legs. A comparison is made with the lotus. But in case of God Shiv, only His *ling* is shown because among all the vices and among all the organs which experience the vices, which is the most powerful vice? The vice of lust. And the organ connected with the vice of lust is very hard to conquer and it was Shankar who first of all gained victory over it in the world. That is why Shankar is called *Amoghveerya* (the one who never gets discharged) He did not gain victory (over it) in a forest. He gained victory while living in a household. That is why it was said that you all are Parvatis and Shiv-Shankar Bholeynath is only one.

वो एक ही पार्ट संसार में ऐसा है जो सदैव प्रवृत्ति में रहता है। मंदिर में भी उसकी प्रवृत्ति दिखाई जाती है। भक्त लोग उसको माता–पिता के रूप में मानते हैं। माता के रूप में वो गड्ढा दिखाया गया है और पिता के रूप में वो लिंग दिखाया गया है क्योंकि स्त्री और पुरुष की पहचान सिवाय उन दो इन्द्रियों के और हो नहीं सकती। स्त्री चोले में भी वो इन्द्रियाँ होती हैं, पुरुष चोले में भी वो इन्द्रियाँ होती हैं। सिर्फ एक ही इन्द्रिय का फर्क होता है। उस फर्क के आधार पर चित्रकारों ने वो चित्र बनाया है, जिसमें ये दिखाया है कि प्रवृत्तिमार्ग में रह करके सौ परसेन्ट निवृत्ति की यादगार सिर्फ एक शिव–शंकर की है। और कोई की नहीं है। और देवताएँ सौ परसेन्ट उस एवर प्योरिटी की स्टेज को नहीं प्राप्त कर सकते। एक शिव बाप ही है जो प्रैक्टीकल जीवन में इस संसार में गड्ढे की दुनियाँ में आ करके, पतित तन, पतित दुनियाँ और पतितों के संग में आ करके, फिर भी बुद्धि से पवित्र, पावन स्टेज में रहता है। ऊँची स्टेज में रहता है। इसलिए शंकर को सदैव कैलाश पर्वत पर दिखाते हैं। ये ऊँची स्टेज की निशानी है। मंदिर भी ऊँचे स्थान पर बनाते हैं।

That is the only part (role) in the world, which always remains in a household. His household is shown even in the temple. Devotees consider Him to be their Mother and Father. The Mother has been shown in the form of a pit and the Father has been shown in the form of *ling* because a woman and a man cannot be recognized except for these two organs. The same organs are present in a woman as well as a man. There is a difference of only one organ. On the basis of that difference, the artists have prepared that picture, in which it has been shown that the memorial of hundred percent renunciation while living in a path of household is only that of one Shiv-Shankar and nobody else. Other deities cannot achieve the stage of hundred percent ever purity. It is the Father Shiv alone who remains in a pure stage through the intellect it the real life despite coming in the world of pit, despite coming in an impure body, impure world and despite living in the company of the impure ones. He lives in a high stage. That is why Shankar is always shown on the Mt.Kailash. This is an indication of high stage. Temples are also constructed at a height.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

समय – 17.02
जिज्ञासु – ब्रह्मा और प्रजापिता ब्रह्मा के बीच में अंतर क्या है?
बाबा – ब्रह्मा अनेकों के नाम हैं और प्रजापिता ब्रह्मा सिर्फ एक का नाम है। ब्रह्मा के चार–पाँच मुख दिखाए जाते हैं। इससे साबित होता है ब्रह्मा अनेक हैं और साकार में प्रजापिता ब्रह्मा सिर्फ एक ही होता है और जब तक इस सृष्टि पर प्रजा है, तब तक प्रजापिता इस सृष्टि पर मौजूद रहता है। प्रजापिता सारी मनुष्य सृष्टि का पिता है। इसलिए सारी मनुष्य सृष्टि का बीज है। बीज सूक्ष्म, अति सूक्ष्म होता है। और मनुष्य आत्माएँ इतनी सूक्ष्म स्टेज नहीं धारण कर सकतीं जितनी प्रजापिता सूक्ष्म स्टेज धारण करता है। ये सूक्ष्म स्टेज धारण करने के कारण ही सूक्ष्म अति सूक्ष्म शिव बाप उसमें प्रवेश करता है। जितनी सूक्ष्म बुद्धि वाली आत्मा होगी, उतनी जास्ती ज्ञान के विस्तार में जावेगी। जितनी स्थूल बुद्धि होगी, उतने ज्ञान के विस्तार में जाने में सक्षम नहीं होगी।
Time: 17.02
Student: What is the difference between Brahma and Prajapita Brahma?
Baba: Many people have the name Brahma and only one person has the name Prajapita Brahma. Brahma is shown to have four-five faces. It proves that Brahmas are many and Prajapita Brahma in corporeal form is only one. And until there are subjects in this world, Prajapita is present in this world. Prajapita is the father of the entire human world. That is why he is the seed of the entire human world. Seed is subtle, very subtle. Other human souls are unable to achieve such a subtle stage that Prajapita achieves. Only because of achieving this subtle stage, the subtlest Father Shiv enters in him. The more subtle intellect a soul possesses, the more it will be able to go into the expanse of knowledge. The more gross the intellect, the less capable it will be in going into the expanse of the knowledge.

तो ब्रह्मा में और प्रजापिता ब्रह्मा में तो वास्ट अंतर है। ब्रह्मा का अर्थ ही है ब्रह्म माने बड़ी, माँ माने माँ। माने बड़ी माँ। माँ सदैव साकार होती है। साकार बुद्धि वाली। देह का ओना माताओं को बहुत रहता है। भक्तिमार्ग में भी देखा जाता है कि नागे लोग बड़े आराम से नंगे रह लेते हैं लेकिन स्त्रियाँ नंगी नहीं रह सकतीं क्योंकि देह का भान होता है। माता का रूप देहभान वाला रूप है और बाप बीज होता है, सूक्ष्म होता है। इसलिए बोला है – "अहं बीज प्रदःपिता"। मैं बीज बोने वाला पिता हूँ। धरणी तो विस्तार वाली होती है। विस्तार वाली धरणी में ही सूक्ष्म बीज का आरोपण होता है। तो ब्रह्मा में और जगतपिता में वास्ट डिफरेन्स है।
So, there is a vast difference between Brahma and Prajapita Brahma. Brahma itself means – *Brahm*, i.e. big, *maa* means mother. It means senior mother. A mother is always corporeal, the one who possesses a corporeal intellect. Mothers are very conscious about their body. Even in the path of worship it is seen that the Naga people are able to live naked very comfortably, but women cannot live naked because they are conscious of their body. A mother's form is of body consciousness and the Father is seed, subtle. That is why it was said – '*Aham beej Pradahpita'*. I am the Father who sows the seed. The earth has a lot of expanse. It is in the expanded earth that the subtle seed is laid. So, there is a vast difference between Brahma and Jagatpita.

समय – 20.10
जिज्ञासु – ब्रह्मा को वस्त्रधारी दिखाया और शंकर को निर्वस्त्रधारी क्यों दिखाते हैं?
बाबा – देह रूपी वस्त्र को वस्त्र कहा जाता है। जैसे आत्मा सिर्फ बिन्दु है तो नंगी है और बिन्दु आत्मा शरीररूपी वस्त्र को धारण करती है तो वस्त्र वाली कही जाती है।

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

इसलिए ब्रह्मा का जैसा नाम है – ब्रह्म माने बड़ी, माँ माने माँ। माना जगत् की बड़ी माँ। जैसे मुरली में बोला है – वास्तव में ये ब्रह्मा तुम्हारी जगदम्बा है; परंतु तन पुरुष का है। इसलिए पुरुष तन होने के कारण कन्याओं–माताओं के चार्ज में इनको नहीं रखा जा सकता। इसलिए ओमराधे मम्मा को निमित्त बनाया गया।

Time: 20.10

Student: Brahma has been shown to be wearing a dress and why is Shankar shown to be naked?

Baba: The cloth-like body is called a cloth. For example when a soul is just a point, it is naked and when the point-like soul takes up the cloth-like body it is called a clothed soul. That is why, just as the name of Brahma; '*Brahm*' means big/senior and *maa* means mother. It means the senior mother of the world. For example it has been said in the Murli – Actually this Brahma is your Jagdamba, but the body is male. That is why because of being a male body he cannot be kept in the charge of virgins and mothers. That is why Om Radhey Mamma was made instrumental.

तो ब्रह्मा नाम से ही साबित होता है कि बड़ी माँ का पार्ट था; परंतु जो बड़ी माँ का पार्ट था, वो गुणों के आधार पर था। जो सहनशक्ति माता के अंदर होनी चाहिए, वो सहनशक्ति ब्रह्मा के अंदर थी। कोई भी ब्रह्माकुमार–कुमारी जिसने प्रैक्टीकल जीवन में ब्रह्मा का साथ लिया, वो आज तक ये कहता हुआ नहीं सुना गया कि ब्रह्मा बाबा ने हमको कभी दुःख दिया। सदैव हर बच्चे के मुख से यही निकलता रहा कि बाबा ने हमको जितना सुख दिया, उतना दुनियाँ में और किसी ने सुख नहीं दिया। भल दस सेकेन्ड के लिए कोई संसर्ग में आया है, तो भी उसने ये अनुभव किया कि ब्रह्मा बाबा ने हमको बहुत सुख दिया। और जो दूसरों को सुख देता है वो ज़रूर सहनशक्ति वाला होता है। माँ बच्चों को जितना सुख देती है, उतना और कोई संबंध सुखदाई नहीं हो सकता। खुद दुःख सहन करती है और बच्चे को सुख देती है, लेकिन वो तो सारी जगत् की माँ का पार्ट था। उससे ज्यादा सहनशक्ति और दुनियाँ में किसी पार्टधारी में हो ही नहीं सकती। इसलिए ब्रह्मा का पार्ट तो सहनशक्ति के आधार पर बहुत अद्भुत पार्ट था।

So, the name 'Brahma' itself proves that it was the part of the senior mother, but the part of the senior mother was on the basis of virtues. Brahma had the power of tolerance that a mother should have. NoBrahmakumar-Kumari, who remained in the company of Brahma in his/her practical life, has been heard telling till date that Brahma Baba ever caused sorrow to them. It always emerged from the mouth of every child that nobody caused as much happiness to them in the world as Baba did. Although someone may have come in contact for ten seconds, he experienced that Brahma Baba gave him a lot of happiness. And the one who gives happiness to others will certainly have the power of tolerance. No relationship gives as much joy as a mother gives to her children. She tolerates pains herself and gives happiness to the children, but that was the part of the mother of the entire world. No actor can have more power of tolerance in the world than him. That is why Brahma's part was a very wonderful part on the basis of the power of tolerance.

समय – 23.01

जिज्ञासु – बाबा, मुझे हिंदी नहीं आती है। मुझे जीवनमुक्ति दीजिए, साथ में ले जाइए। बंधनमुक्त कर दीजीए। मेरे युगल तो ज्ञान को नहीं मान रहे हैं। क्या करूँ बताइए?

बाबा – बाबा आके सबको बंधंनमुक्त कर दें या बाबा सिर्फ रास्ता बताएँ और प्रैक्टिस करो और बंधंन मुक्त हो जाओ। बाबा ने तो प्रैक्टिस बता दी अपन को ज्योति बिन्दु आत्मा समझो, स्टार आत्मा समझो। अब स्टार आत्मा तो समझना थोड़ा प्रैक्टिस करनी

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

होती है। बिन्दी लगाना सहज होता है। सो बड़ी आराम से लगा लेते हैं। तो बिन्दी लगाने की बात नहीं है। अपनी आत्मा को देह से अलग स्टार समझो, तो बंधन से मुक्त हो जाएँगे।

Time: 23.01

Student: Baba, I don't know Hindi. Please grant me *jeevanmukti* (liberation from vices and sorrows while being alive); take me along with you. Make me free from bondages (*bandhanmukta*). My husband is not accepting the knowledge. Tell me, what should I do?

Baba: Should Baba come and make everyone free from bondages or should Baba just show the path and we should practice and become free from bondages? Baba told us to practice, consider yourself to be a soul, a star-like soul. Well, it requires some practice to consider oneself to be a star-like soul. It is easy to apply a point. You apply that very comfortably. So, it is not a matter of applying a point. Consider your soul to be a star different from the body; then you will become free from bondages.

समय – 24.08

जिज्ञासु– बाबा, ये नौ ग्रह अपन को भगवान कहकर बैठ जाते हैं, बाबा ने बोला कि वो नौ ग्रह कोई त्रिमूर्ति भी होंगे। नौ का अपना–अपना त्रिमूर्ति बनाते हैं। मतलब 9 तिया 27 नक्षत्र का जो गायन होता है, उसमें नौ सूक्ष्म बीज, नौ स्थूल बीज और नौ आधारमूर्त बीज। तो जो बीज नौ हैं, उसमें सूर्यवंशी और चंद्रवंशी से कनेक्टेड क्या एक–एक करके लागू होता है क्या?

Time: 24.08

Student: Baba, these nine (living) planets consider themselves as Gods; Baba said that those nine planets will also be Trimurties. Trimurty of each of the nine are prepared. It means that 9X3=27 stars, which are praised, among them 9 are subtle seeds (*sookshma beej*), nine are physical seeds (*sthool beej*) and nine are base-like seeds (*aadhaarmoorth beej*). So, the nine seeds, and among them those connected with the *Suryavanshis* and the *Chandravanshis*; does it apply one after the other?

बाबा – नौ ग्रहों में से ग्रह होते हैं, उपग्रह होते हैं, नक्षत्र होते हैं। तो नौ ग्रहों में नक्षत्र तो एक ही है। बाकी तो सब ग्रह की स्टेज वाले हैं। सब जानते हैं कि नक्षत्र स्वयं दैदीप्यमान, प्रकाशमान होता है और जो ग्रह होते हैं वो स्वयं प्रकाशमान नहीं होते हैं। बाकी अंहकार में आ जाएँ कि हम ही भगवान हैं, हम ही सूर्य हैं, हम ही रोशनी देने वाले हैं, ये बात तो एक अलग बात है ना। ऐसे ये नव ग्रह हैं जो अंहकार में आ करके अपने को भगवान समझने लग पड़ते हैं लेकिन वास्तव में जब विनाश होता है तो सबकी पोलपट्टी खुल जाती है।

Baba: Among the nine planets there are planets (*grah*), satellites (*upgrah*), stars (*nakshatra*). So, there is only one star among the nine planets. All the remaining ones are in the stage of planets. Everyone knows that stars are self-radiant (*daideepyamaan*) self-luminous (*prakaashmaan*), and the planets are not self-luminous. As for the rest, they may become egotistic that we ourselves are Gods, we ourselves are Suns, we ourselves are the ones who give light; this is a separate thing, isn't it? Similarly, these nine planets become egotistic and start considering themselves Gods but actually when the destruction takes place, everybody's secrets are revealed.

नऊ ग्रह आपस में टकराते हैं और टकराने के बाद एक ही बचता है – सूर्य और बृहस्तपति, जो वृक्षपति की दशा है इसलिए सबसे श्रेष्ठ दशा मानी जाती है क्योंकि वो सच्चाई के आधार पर टिकता है। वो अपन को भगवान नहीं मानता, वो अपन को शिव

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

नहीं कहता। शिव अलग है और पार्ट बजाने वाली आत्माएँ अलग हैं। शिव तो ऐसे है जैसे ज्ञान सूर्य और आत्माओं में परमपार्ट बजाने वाली आत्मा है बृहस्तपति जिसे वृक्षपति कहा जाता है। ये सारी मनुष्य सृष्टि रूपी वृक्ष का पति है, पिता है, बीज है परंतु स्वयं प्रकाशित नहीं है। स्वयं प्रकाशित सिर्फ एक परमपिता परमात्मा शिव ही है। और कोई स्वयं प्रकाशित नहीं है।

The nine planets clash with each other and after they clash, only one survives the Sun. And (concerning) Jupiter (*Brihastapati*), the influence of Jupiter (*vrikshapati*) is considered to be the highest influence because he remains stable on the basis of truth. He does not consider himself to be God; he does not call himself Shiv. Shiv is different and the souls that play their parts are different. Shiv is like the Sun of knowledge and the soul that plays the supreme part among all the souls is Jupiter, who is called *Vrikshapati*. He is the protector (*pati*), the Father and the seed of the entire human world tree, but he is not self-luminous. It is the Supreme Father Supreme Soul Shiv alone, who is self-luminous. Nobody else is self-luminous.

समय – 26.50
जिज्ञासु – बाबा, जगदम्बा बच्ची में ब्रह्मा बच्चा प्रवेश कर लेता है तो दोनों बच्चा और बच्ची हो जाते हैं। तो वो जो प्लानिंग करेंगे, तो रिजल्ट बच्चा बुद्धि का ही होता है। तो जगदम्बा माँ को कुछ प्लानिंग वगैरह न करके सिर्फ शिवबाबा के डाइरैक्शन पर चलना चाहिए क्या?

Time: 26.50
Student: Baba, child Brahma enters daughter Jagdamba; so both happen to be children. So, whatever planning they make, its result is only like that of a child-like intellect. So, should mother Jagdamba not involve herself in any kind of planning and just follow the directions of Shivbaba?

बाबा – अब चाहिए–चाहिए तो सब कुछ लेकिन एक होता है डब्बा और एक होती है उसमें प्रवेश करने वाली आत्मा। ज्यादा पावरफुल कौन है? प्रवेश करने वाली आत्मा ज्यादा पावरफुल होती है। तो जगदम्बा तो है जैसे कि एक डब्बा और डब्बे में प्रवेश करने वाली आत्मा है ब्रह्मा (दादा लेखराज) जो कृष्ण के रूप में सतयुग में जन्म लेगी। तो जो आत्मा है उसकी महिमा ज्यादा है। क्यों? क्योंकि सहनशीलता का पार्ट जगदम्बा ने नहीं बजाके दिखाया। नाम तो धारण हुआ शरीर के आधार पर क्योंकि शरीर का ही नाम जगदम्बा पड़ता है। आत्मा का नाम नहीं पड़ता है लेकिन वास्तव में काम आत्मा ने किया या डब्बे ने किया? माता का पार्ट किसने बजाया? सहनशक्ति का पार्ट किसने बजाया? ब्रह्मा ने बजाया।

Baba: Well, everything is a 'should be like this', but one is a box and one is the soul that enters it. Who is more powerful? The soul that enters is more powerful. So, Jagdamba is like a box and the soul that enters the box is Brahma (Dada Lekhraj) who will take birth as Krishna in the Golden Age. So, the soul has more glory. Why? It is because the part of tolerance was not played by Jagdamba. The name was based on the body because the body gets the name Jagdamba. A soul does not get a name, but was the task actually performed by the soul or by the box? Who played the part of the mother? Who played the part of tolerance? Brahma played the part.

समय – 28.24
जिज्ञासु – बाबा, नऊ ग्रहों का टकराव होगा माना विनाश को पाएँगे ना?

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

बाबा – जो पावरफुल होगा सो बचेगा, या जिसके ऊपर ऊँच ते ऊँच शिव बाप की छत्रछाया होगी, वो बचेगा। और जितने भी होते हैं वो "थोथा चना बाजे घना"। जो आधी भरी हुई जल की गगरी होती है, वो बहुत छलकती है और भरी हुई गगरी होती है तो कम छलकती है। ऐसे ही जो बृहस्तपति है वो अपने को भगवान कभी नहीं कहता। और जो ग्रह हैं, जिनमें भगवान मुकर्रर रूप से प्रवेश करता ही नहीं, वो अपन को भगवान कहके बैठते हैं। तो सच्चाई एक न एक दिन सर के ऊपर चढ़कर के बोलेगी या नहीं बोलेगी? बोलती है। सच्चाई प्रत्यक्ष हो जाती है। इसलिए जब नऊ ग्रहों में टकराव होता है तो सिर्फ बृहस्पति ही बचता है और बाकी सब ग्रह नष्ट, भ्रष्ट हो जाते हैं।

Time: 28.24

Student: Baba, all the nine (living) planets will clash; it means that they will be destroyed, won't they?

Baba: Either the one who is powerful will survive or the one, who is under the canopy of protection of the highest on high Father Shiv, will survive? All others are like '*thotha chana baajey ghanaa'* (empty vessels make much noise). A half-filled pot splashes a lot and if the pot is full, it splashes less (i.e. deep rivers move with silent majesty, while shallow brooks are noisy). Similarly, Jupiter (*brihaspati*) never calls himself God. All other planets, whom God does not enter in an appointed form at all, consider themselves as Gods. So, ultimately will the truth speak fearlessly or not? It speaks. The truth is revealed. That is why, when all nine (living) planets clash, only Jupiter survives and all other planets are destroyed.

समय – 30.23

जिज्ञासु – बाबा, जो पाँच तत्व होते हैं – जल, वायु, अग्नि, आकाश, पृथ्वी। तो यहाँ चैतन्य आत्माएँ होंगी ना। तो उनकी गुण और विशेषता क्या?

बाबा – उनके गुण, पृथ्वी का गुण नहीं मालूम है? हवा का गुण नहीं मालूम है? अग्नि का गुण नहीं मालूम है? अरे! ये तो सब जानते हैं अग्नि जलाय देती है। नहीं मालूम है?

जिज्ञासु – मालूम है।

बाबा – फिर?

Time: 30.23

Student: Baba, there are five elements, water, wind, fire, sky and Earth. So, there will be living souls here (which represent these elements), won't they? So, what will be their virtues and specialties?

Baba: Don't you know their virtues, the virtue of Earth? Don't you know the virtue of wind? Don't you know the virtue of fire? Arey! Everyone knows that fire burns (anything). Don't you know (this)?

Student: I know.

Baba: Then?

जिज्ञासु – यहाँ सूक्ष्म में कैसे शूटिंग होती है?

बाबा – यहाँ भी है। सूक्ष्म में जलाना किसको कहा जाता है? रावण को राम ने जलाया तो क्या तीली डालके जलाया? कि उसको ज्ञान बाण मार करके उसके जी को जलाया? दिल जलता है। ऐसे थोड़े ही कोई स्थूल रावण है, तो उसका पुतला जलता है।

Student: How does the shooting take place here in a subtle form?

Baba: They exist even here. What does 'burning' in subtle form mean? Ram burnt Ravan; so did he burn him by striking a matchstick? Or did he burn his heart by shooting the arrows of knowledge? The heart burns. It is not as if there is a physical Ravan, whose effigy is burnt.

Email id: a1spiritual@sify.com
Website: www.pbks.info

समय – 32.12
